प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.03.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अब से कुछ देर में शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में रोबाटिक सर्जरी का शुभारंभ करेंगे। इसके तहत आज पहले दिन तीन मरीजों की रोबोटिक सर्जरी की जाएगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सुविधा अब आम लोगों के लिए आसानी से उपलब्ध होगी और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवता को नए आयाम तक ले जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री आईजीएमसी में अंतरराष्ट्रीय मि हला दिवस के तहत राइट जस्टिस एक्शन फॉर आल वुमेन एंड गर्लस विषय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

जलजीवन मिशन

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में जल शक्ति मंत्रालय के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

प्राकृतिक गैस

पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए प्राकृतिक गैस के उत्पादन को विनियमित करने, आपूर्ति बनाए रखने, समान वितरण और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 लागू किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार घरेलू पाइपलाइन प्राकृतिक गैस आपूर्ति, परिवहन के लिए सीएनजी, एलपीजी उत्पादन, पाइपलाइन कंप्रेसर ईंधन और अन्य आवश्यक पाइपलाइन परिचालन आवश्यकता वाले क्षेत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में प्राथमिकता दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि आपूर्ति को पिछले छह महीनों की औसत गैस खपत के 100 प्रतिशत परिचालन उपलब्धता के अधीन बनाए रखा जाएगा।

इस बीच, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में किसी भी तरह की कृत्रिम कमी, जमाखोरी या कालाबाजारी पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गैस एजेंसियों को स्टॉक और बिक्री का पूरा विवरण बनाए रखने और संभावित कमी की स्थिति में तुरंत विभाग को सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने

कहा कि प्रदेश में रसोई गैस की आपूर्ति को सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में आज अधिकारियों के साथ बैठक भी आयोजित की जाएगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसके तहत कुल्लू जिला के शहरी क्षेत्रों में लगभग 11 वार्डों में 202 घर बन चुके हैं और कुछ अन्यों का कार्य चल रहा है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता–

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) जिला कुल्लू में मुख्य रूप से शहर के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। प्रत्येक व्यक्ति के मन में अपने तथा अपने परिवार के लिए एक सुंदर आशियाना बनाने की चाहत हमेशा रहती है। गरीबों की इसी चाहत को अब कुल्लू जिला के शहरी क्षेत्रों में केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना साकार कर रही है। यह योजना केन्द्र सरकार द्वारा 25 जून, 2015 को इस उददेश्य के साथ शुरू की गई थी। कुल्लू शहर के लगभग सभी 11 वार्डों में इस योजना के तहत मकान बने और अभी भी बन रहे है। अपने नए पक्के बने मकान में रहकर लोग बहुत ही खुश है। प्रधानमंत्री आवास योजना योजना केंद्र सरकार की एक बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है और अभी तक नगर परिषद् कुल्लू के तहत पड़ने वाले क्षेत्र में 202 घर बन चुके है तथा कुछ का काम चल रहा है। आकाशवाणी के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। हालांकि लाहौल–स्पीति जिला के कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हो रही है। मौसम विभाग ने आगामी 16 मार्च तक प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश और उंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई है। विभाग ने कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है।

बीसीसीआई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई ने आईसीसी टी–20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए 1 सौ 31 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। हाल ही में भारतीय टीम ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर रिकॉर्ड तीसरी बार विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था।

....